भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या:1137
3 दिसंबर, 2021 को पूछे जानेवाले प्रश्न का उत्तर
'एनआईटीआर डी मैं वित्तीय अनियमितताएं

1137. **श्री कौशलेन्द्र कुमार**:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान (एनआईटीआरडी) एक स्वायत्त निकाय है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को एनआईटीआरडी में सेवानिवृत्ति और पदोन्नति प्रक्रिया में दिशानिर्देशों के उल्लंघन की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संस्थान में विभागाध्यक्ष (एचओडी) की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है और अनुसंधान संवर्ग सहित अन्य सभी पदों में सेवानिवृत्त की आयु 60 वर्ष है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या एनआईटीआरडी में वित्तीय अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं जिनमें 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्तियों को विभागाध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया है और यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान हुई ऐसी अनियमितताओं का ब्यौरा क्या है; और

(ड) क्या सरकार का एनआईटीआरडी में की जा रही अनियमितताओं की उचित जांच करने के बाद दोषी पाए गए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय क्षय रोग और श्वसन रोग संस्थान (एनआइटीआरडी), नई दिल्ली सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम XXI, 1860 के तहत पंजीकृत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्वायत संस्थान है।

चिकित्सक से एनआईटीआरडी में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख के रूप में नामित करने पर उनके विचार हेतु कई बार अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। उक्त की एनआईटीआरडी की शिकायत समिति द्वारा जांच की गई थी और चिकित्सक को उचित उत्तर दिया गया था।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 11 अगस्त, 2018 की राजपत्रित अधिसूचना सं जी.एस.आर 767 (ई) के अनुसार, मौलिक (द्वितीय संसोधन) विनियम(2018) नियम 56, खंड (ख ख) (i), अन्य बातों के साथ-साथ, केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा से संबंधित चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 होगी, जब तक कि वे अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के आधार पर शिक्षण, क्लिनिकल, रोगी परिचर्या, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और कार्यों सहित तैनाती के विकल्प का प्रयोग नहीं करते हैं, यदि वे अपनी सेवा को 65 वर्ष की आयु तक जारी रखना चाहते हैं। उक्त को संस्थान की शासी निकाय के अनुमोदन से एनआईटीआरडी में लागू किया गया है।

तदनुसार, विभाग के प्रमुख की सेवानिवृत आयु 62 वर्ष है।